# PART - IV

## LANGUAGE - I : ENGLISH

**IMPORTANT :** Candidates should attempt questions from **Part-IV (Q. No. 91-120)**, if they have opted for **ENGLISH** as **LANGUAGE-I** only.

**Read the passage given below and answer the questions (91 - 99) that follow :**

1. Colours have a deeper significance for a home than one can imagine. For if used right, they can give a perfect look. In today's time, when there is an abundance of everything but space, colour plays an important role in creating the right ambience and perhaps the space that you crave for. Besides having a tremendous potential to create mood through sheer appeal to the senses, right use of colours actually helps you create the spacious feeling.

2. For instance, instead of using a plain monotonous colour on all four walls, if you get a little imaginative, perhaps a little bold, you can create a sense of space within those four walls. One of the ways would be to blend light and dark colours. Or to paint two opposite sides in a lighter shade than the other two. Colour can add height to your room too. For instance, if the room is painted white and the upholstery of your furniture is in deep blue tone, the false ceilings could be painted in a light blue shade. Think out of the box to give even more interesting effects to your room.

3. Whatever your choice is, there are options in the market to help you realise your needs. These days you get special patterned stencils to decorate walls with interesting patterns like flowers, leaves, birds etc. Some people draw an entire scenery on one side of the wall to give the feeling of bringing the outdoors inside. The choices are many, so are the creative ways. Just let your imagination flow. Every room reflects the personality of the occupant, hence it is important to pay attention to every detail. Your walls are your canvases, freshly painted and all bare. Go ahead, splash colours and watch the effect unfold.

**91.** According to the writer, it is important to pay attention to the colour scheme of your home because :

(1) the walls reveal the secrets of your life

(2) the monotonous shades add life to the rooms

(3) the ambience created makes it look boring

(4) it reflects the personality of the owner

**92.** 'To think out of the box' does **not** mean to think :

(1) in unusual ways
(2) traditionally
(3) creatively and imaginatively
(4) about novel ideas

**93.** Identify the parts of speech of the underlined words in the sentence given below :

'Right use of colours <u>actually</u> helps you create the spacious <u>feeling</u>'.

(1) preposition, verb
(2) conjunction, verb
(3) adverb, noun
(4) verb, adverb

94. Complete the given word analogy :

monotonous : dull :: ambience : ?

(1) aura (2) weather (3) room (4) temperature

95. Read the following statements :

(A) Colours if used creatively can give the perfect look to a room.

(B) Space is abundant nowadays.

(C) The right colour combination on walls and the roof creates a spacious feeling.

(1) (A), (B) and (C) are all correct

(2) (A) and (C) are incorrect, (B) is correct

(3) (A) and (C) are correct, (B) is incorrect

(4) (B) and (C) are correct, (A) is incorrect

96. The word opposite in meaning to the underlined word in the given sentence is :

'Right use of colours actually helps you create the spacious feeling'.

(1) fresh (2) special (3) cramped (4) airy

97. As mentioned by the writer in para 1, In today's times, what is a modern day home owner longing for ?

(1) Sheer appeal (2) Imagination

(3) Colours (4) Space

98. Some people draw colourful sceneries on their home walls to :

(1) create a sense of space

(2) blend dark and light colours

(3) give a deeper significance to their home

(4) bring nature into their homes

99. As mentioned by the writer in para 2, some ways by which you can break the monotony of the room is :

(1) by blending light and dark shades

(2) painting all the 4 walls in plain colours

(3) both (1) and (2)

(4) (1) is correct, but not (2)



21187200 21187200 21187200

Scanned with OKEN Scanner

**Read the poem given below and answer the questions (100 - 105) that follow :**

Between my finger and my thumb
The squat pen rests: snug as a gun.
Under my window, a clean rasping sound
When the spade sings into gravelly ground.
My father, digging, I look down
Till his straining rump among the flowerbeds
Bends low, comes up twenty years away
Stooping in rhythm through potato drills,
Where he was digging
The coarse boot nestled on the lug, the shaft
Against the inside knee was levered firmly.
He rooted out tall tops, buried the bright edge deep.
To scatter new potatoes that we picked,
Loving their cool hardness in our hands.

**100.** The poetic devices in line 2 and line 4 are :
(1) simile and alliteration
(2) metaphor and simile
(3) metaphor and personification
(4) hyperbole and metaphor

**101.** '. . . . . loving their cool hardness in our hands'. What is the speaker referring to the given line ?
(1) the potatoes
(2) the potato drills
(3) the gun
(4) the handles of the spade

**102.** What is the overall tone of the poem ?
(1) disgust and animosity
(2) nostalgic and admiration
(3) annoyance and anger
(4) pitiful and sympathetic

**103.** Complete the word analogy :
coarse : rough :: snug : __?__
(1) lethal (2) comfortable (3) lazy (4) perfect

**104.** How does the speaker's father feel about his son's choice of career ?
(1) He is glad his son is not a farmer.
(2) He is ambivalent towards the choice.
(3) The poem doesn't make it clear.
(4) He wishes, his son choose a more practical path.

**105.** In the second stanza, the poet is observing :
(1) farmers in the fields
(2) potato growers in the countryside
(3) a gardener tending flower beds
(4) his father digging potatoes



Scanned with OKEN Scanner

106. Here is text or some statements. Find out which language register does this text represent ?

The Indian Constitution recognises every person as equal. This means that every individual in the country, including male and female, person from all castes, religions, tribes, educational and economic background are recognised as equal. This is not to say that inequity ceases to exist. It doesn't. But at least, in democratic India, the principle of the equality of all persons is recognised.

(1) Legal register (2) Scientific register
(3) Politic register (4) Social Science register

107. Which of the following statements is true of a dialect of a language ?
(1) A dialect is a bigger category and language is a smaller category.
(2) Sometime different social group may speak different dialects of the same language.
(3) Dialects of language vary from region to region.
(4) Speakers of different dialects of one language can understand the other dialect speaker.

108. Which of the following are known as receptive skills ?
(1) Speaking and writing (2) Listening and reading
(3) Listening and writing (4) Reading and speaking

109. Which of the following language is NOT a classical language ?
(1) Telugu (2) Hindi (3) Tamil (4) Sanskrit

110. A continuous record of instances of learning by the learners is known as :
(1) Proficiency assessment (2) Diagnostic test
(3) Portfolio (4) Continuous Comprehensive Assessment

111. Which of the following tasks promotes integrated learning skills ?
(1) Project work (2) Writing an article
(3) Role play (4) Assignment

112. A teacher of class VI develops the following task for a speaking activity.
*Speak five sentences about desert and its climatic conditions.*
Is it a good task or not a good task ? Select from option your response and reason for the same.
(1) It is not a good task because some of the learners may not know about desert.
(2) It is not a good task because it lacks context as there is no input for speaking about desert and its conditions.
(3) It is a good task because the learners may have studied about desert in their geography class and will have inputs to speak.
(4) It is a good task because it makes the learner to talk about something i.e the desert.

113. What is 'systemic competence' in language learning ?
(1) Understanding that all languages have a common structural system.
(2) Understanding that all human have a systems of many languages.
(3) Understanding and applying that language works as a system.
(4) Understanding and applying that languages have a grammatical system.



Scanned with OKEN Scanner

114. A teacher of class VI does a warm up activity to connect their previous knowledge and experience with the text they would read. She asks her learners to look at the illustrations of the reading text (the story) before she begin to teach the text. What does she want her learners to do ?
(1) Make prediction about the reading text.
(2) Make them understand the illustrations.
(3) Visualize the story through the illustrations.
(4) Appreciate the illustrations.

115. Which of the following is NOT true of the National Education Policy (NEP) 2020 on the study of foreign languages ?
(1) Foreign language does not include in the three languages studied under three language formula.
(2) French is one of the language recommended to be studied as an additional option.
(3) Study of foreign languages as an additional option during the secondary stage.
(4) Study of foreign languages included as one of the languages under the three language formula.

116. What is the following strategy in the context grammar teaching known as ?
Introducing language item in contexts, making learners notice the language items, enabling them to use in real life contexts and drawing the attention of learner to the form by discovering it.
(1) Discovery methods
(2) Consciousness Raising
(3) Creating a Schema
(4) Deductive method

117. Which of the following refers to 'Knowing about language'?
(1) Grammatical knowledge
(2) Strategic competence
(3) Declarative knowledge
(4) Procedural knowledge

118. Aparna, a learner of class V understands that listening involves listening to each sound, words, then sentences to get the meaning of the speech or an audio. Which approach/strategy she believes in for learning to listen ?
(1) Both top-down and bottom-up approach
(2) It is neither top-down nor bottom-up approach
(3) Top-down approach
(4) Bottom-up approach

119. Many Indians who go abroad for jobs learn the language of the place. What is this motivation known as ?
(1) Instrumental motivation.
(2) It is neither instrumental nor integrative motivation.
(3) Both integrative and instrumental motivation.
(4) Integrative motivation.

120. 'Authenticity of materials' refers to :
(1) materials written or developed in real life content.
(2) materials which children bring from home.
(3) materials written by the teacher for her class.
(4) materials written or developed by people in authority.


Scanned with OKEN Scanner

# भाग - IV

## भाषा - I : हिन्दी

**महत्वपूर्ण** : परीक्षार्थी भाग-IV ( प्र.सं. 91 से 120 ) के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा-I** का विकल्प हिन्दी चुना हो।

**नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (91 - 99) के सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए :**

शिक्षा एक सृजनात्मक सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्य है। वह एक तरफ़ मौखिक एवं लिखित सांस्कृतिक परंपरा की वाहक होती है। किंतु दूसरी ओर वह संस्कृति की निर्मात्री भी है। क्योंकि वह प्रचलित संस्कृति में कुछ नया जोड़ती है तथा कुछ पुरानी चीजों को घटाती है या उनका स्वरूप बदलती है। चूँकि कोई भी संस्कृति किसी देशकाल के सापेक्ष होती है, इसलिए शिक्षा सबसे पहले नए युग के लिए नयी संस्कृति विकसित करने का काम करती है। वह समाज में प्रचलित परंपराओं, रीति-रिवाजों को ज़ारी रखने के पहले उनके औचित्य के बारे में सोचने की प्रेरणा भी देती है। सांस्कृतिक कर्म के रूप में शिक्षा को देखने से यह बात स्वतः स्पष्ट हो जाती है कि संस्कृति न तो एकाकी होती है, न उसे बाहरी प्रभाव से रोका जा सकता है और न उसका प्रभाव दूसरे समाज पर पड़ने से बचाया जा सकता है। संस्कृति अपने स्वभाव में आदान-प्रदान की प्रक्रिया है, यह हमेशा प्रगतिशील और ग्रहणशील है।

91. ''कोई भी संस्कृति किसी देशकाल के सापेक्ष होती है।'' इस वाक्य से आशय है :
    (1) संस्कृति देश और काल में अंतर करती है।
    (2) संस्कृति किसी भी तरह से प्रभावित नहीं होती है।
    (3) संस्कृति और देश में घनिष्ठ संबंध है।
    (4) संस्कृति समय एवं स्थान के अनुसार स्वयं में परिवर्तन लाती है।

92. किस शब्द में 'इक' प्रत्यय का प्रयोग हुआ है?
    (1) प्रचलित (2) संबंधित (3) सामाजिक (4) सृजनात्मक

93. इनमें से कौन-सा शब्द समूहों से भिन्न है?
    (1) सांस्कृतिक कर्म (2) आदान-प्रदान (3) मौखिक परंपरा (4) प्रचलित रीति

94. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द कारक चिह्न **नहीं** है?
    (1) से (2) के लिए (3) की (4) तथा

95. प्रचलित परंपराओं के औचित्य के बारे में सोचने की प्रेरणा कौन देता है?
    (1) पर्यावरण (2) धर्म (3) शिक्षा (4) पुस्तकें

6. 'संस्कृति पर तरह-तरह के प्रभाव पड़ते हैं' यह बात कैसे समझी जा सकती है?
    (1) जब शिक्षा को संस्कृति से जोड़कर देखा जाए।
    (2) शिक्षा को पृथक रूप से देखा जाए।
    (3) जब शिक्षा को धर्म से जोड़कर देखा जाए।
    (4) जब शिक्षा को संस्कृति से अलग करके देखा जाए।

. शिक्षा को किस प्रकार के कार्य के रूप में देखा गया है?
    (1) सांस्कृतिक (2) भौतिक (3) आर्थिक (4) राजनैतिक

शिक्षा संस्कृति की निर्मात्री है, क्योंकि :
    (1) वह रीति-रिवाज की परिचायक है।
    (2) वह परंपराओं को ज्यों का त्यों स्वीकारती है।
    (3) वह मौजूदा संस्कृति में कुछ नवीनता लाती है।
    (4) वह परंपराओं को रूढ़ रूप देती है।

Scanned with OKEN Scanner

99. गद्यांश के अनुसार कौन-सा वाक्य सही है?
(1) संस्कृति में गतिशीलता का अभाव है।
(2) संस्कृति हमेशा प्रगतिशील है।
(3) संस्कृति की मुख्य विशेषता उसका एकाकीपन है।
(4) संस्कृति में किसी भी प्रकार का आदान-प्रदान नहीं होता है।

**निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (100 - 105) के सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए :**

कलम, आज उनकी जय बोल।
जला अस्थियाँ बारी-बारी
छिटकाई जिनने चिनगारी,
जो चढ़ गए पुण्य वेदी पर लिए बिना गरदन का मोल।
कलम, आज उनकी जय बोल।
जो अगणित लघु दीप हमारे,
तूफानों में एक किनारे,
जल-जलकर बुझ गए किसी दिन माँगा नहीं स्नेह मुँह खोल।
कलम, आज उनकी जय बोल।
पीकर जिनकी लाल शिखाएँ
उगल रहीं लू-लपट दिशाएँ
जिनके सिंहनाद से सहमी धरती रही अभी तक डोल।
कलम, आज उनकी जय बोल।

100. पद्यांश में 'सिंहनाद' शब्द से आशय है -
(1) युद्ध ध्वनि (2) समवेत स्वर (3) सिंह की गर्जना (4) ललकार

101. 'निस्वार्थ भाव से अपने प्राणों का बलिदान कर दिया'
यह भाव किस पंक्ति में मुखरित हुआ है?
(1) जो चढ़ गए पुण्य वेदी पर लिए बिना गरदन का मोल।
(2) कलम, आज उनकी जय बोल।
(3) किसी दिन माँगा नहीं स्नेह मुँह खोल।
(4) सहमी धरती रही अभी तक डोल।

102. 'कलम, आज उनकी जय बोल' पंक्ति से क्या अभिप्राय है?
(1) सभी के लिए प्रशंसा के शब्द लिखे जाएँ। (2) लिखने की अपेक्षा बोलकर गुणगान किया जाए।
(3) जय-जयकार के नारे लगाए जाएँ। (4) देश के लिए समर्पित लोगों के लिए लिखा जाए।

103. भिन्न शब्द समूह की पहचान करें।
(1) जला अस्थियाँ (2) पुण्य वेदी (3) लघु दीप (4) लाल शिखाएँ

104. इस पद्यांश में कौन-सी भावना अभिव्यक्त हुई है?
(1) प्रकृति प्रेम (2) पाखंड विरोध (3) देशप्रेम (4) समाज सुधार

105. 'छिटकाई <u>जिनने</u> चिनगारी,' पंक्ति में रेखांकित शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?
(1) सामाजिक कार्यकर्ता (2) स्वतंत्रा सेनानी (3) राजनीतिज्ञ (4) अध्यापक



Scanned with OKEN Scanner

106. यहाँ एक पाठ्य सामग्री या कुछ कथन हैं। पता लगाइए कि यह पाठ्य सामग्री किस भाषा प्रयुक्ति (रजिस्टर) का प्रतिनिधित्व कर रही है?

'भारत का संविधान प्रत्येक व्यक्ति को समान रूप से देखता है। इसका तात्पर्य यह हुआ कि देश में प्रत्येक व्यक्ति, महिला और पुरुष, सभी धर्मों, जातियों, आदिवासी, शैक्षिक और आर्थिक प्रष्ठभूमि के, सभी को समान रूप से देखना। इसका तात्पर्य यह नहीं है कि असमानता समाप्त हो चुकी है। असमानता नहीं होनी चाहिए। कम से कम लोकतांत्रिक भारत में सभी व्यक्तियों की समानता का सिद्धान्त मायने रखता है।'

(1) कानूनी प्रयुक्ति
(2) वैज्ञानिक प्रयुक्ति
(3) राजनीतिक प्रयुक्ति
(4) सामाजिक विज्ञान प्रयुक्ति

107. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन भाषा की बोली के बारे में सही है?

(1) बोली एक बड़ी श्रेणी है और भाषा तुलनात्मक रूप से छोटी श्रेणी में आती है।
(2) कभी-कभी विभिन्न सामाजिक समूहों के लोग एक भाषा की विभिन्न बोलियाँ बोलते हैं।
(3) भाषा की बोलियाँ एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में भिन्न-भिन्न होती हैं।
(4) एक भाषा की विभिन्न बोलियाँ बोलने वाले दूसरी बोली बोलने वाले की बात समझ पाते है।

108. निम्नलिखित में से किन्हें ग्रहणशील (रिसेप्टिव) कौशलों के रूप में जाना जाएगा?

(1) बोलना और लेखन (2) श्रवण और पठन (3) श्रवण और लेखन (4) पठन और बोलना

109. निम्नलिखित में से कौन-सी शास्त्रीय भाषा **नहीं** है?

(1) तेलुगू (2) हिंदी (3) तमिल (4) संस्कृत

110. शिक्षार्थियों द्वारा हुए अधिगम के उदाहरणों का सतत रूप रखा गया रिकार्ड क्या कहलाएगा?

(1) निपुणता आकलन
(2) निदानात्मक परीक्षण
(3) पोर्टफोलियो
(4) सतत सारगर्भित आकलन

111. निम्नलिखित में से कौन-सा कार्य समेकित अधिगम कौशलों को समुन्नत करता है?

(1) परियोजना कार्य
(2) कोई एक आलेख (आर्टिकल) लिखना
(3) रोल प्ले
(4) प्रदत्त कार्य

112. कक्षा छह की अध्यापिका बोलने से संबंधित किसी गतिविधि के लिए निम्नलिखित कार्य तैयार करती है –

"रेगिस्तान और उसकी जलवायु स्थिति के बारे में कोई पाँच वाक्य बोलिए।"

क्या यह एक अच्छा या अच्छा कार्य नहीं है? अपने उत्तर और उत्तर के कारण का चयन करें।

(1) यह अच्छा कार्य नहीं है क्योंकि कुछ शिक्षार्थी रेगिस्तान के बारे में नहीं जानते होंगे।
(2) यह एक अच्छा कार्य नहीं है क्योंकि इसमें संदर्भ की कमी है क्योंकि उन्हें रेगिस्तान और उसकी स्थितियों के बारे में कुछ नहीं बताया गया है।
(3) यह एक अच्छा कार्य है क्योंकि शिक्षार्थियों ने भूगोल की किताब में रेगिस्तान के बारे में पढ़ा होगा, इसलिए उनके पास बोलने के लिए सामग्री है।
(4) यह एक अच्छा कार्य है, क्योंकि यह शिक्षार्थी को कुछ बोलने के लिए तैयार करता है, यह रेगिस्तान है।



Scanned with OKEN Scanner

113. भाषा अधिगम में 'सर्वांगी (सिस्टमिक) दक्षता' क्या है?
(1) इस बात को समझना कि सभी भाषाओं की एक सामान्य संरचनात्मक व्यवस्था है।
(2) इस बात की समझ कि सभी मनुष्यों के पास बहुत सी भाषाओं की व्यवस्थाएँ हैं।
(3) इस बात को समझना और प्रयोग में लाना कि भाषा एक व्यवस्था के रूप में कार्य करती है।
(4) इस बात को समझना और प्रयोग में लाना कि भाषाओं की एक व्याकरणिक व्यवस्था है।

114. कक्षा छह की अध्यापक आज पढ़ी जाने वाली भाषा सामग्री को शिक्षार्थियों के पूर्व ज्ञान और अनुभव से जोड़ने के लिए 'वार्म अप' गतिविधि करवाती है। पाठ्य सामग्री पढ़ाना शुरू करने से पहले शिक्षार्थियों को पाठ्य सामग्री (कहानी) के चित्र देखने के लिए कहती है। वह अपने शिक्षार्थियों से क्या करवाना चाहती है?
(1) पाठ्य सामग्री के बारे में अनुमान लगाना
(2) चित्रों को समझने की क्षमता विकसित करना
(3) चित्रों के माध्यम से कहानी की मन में कल्पना कर पाना
(4) चित्रों की सराहना करना

115. निम्नलिखित में से कौन-सा विदेशी भाषाओं के अध्ययन के संबंध में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में सही **नहीं** है?
(1) विदेशी भाषा को त्रिभाषा सूत्र के अन्तर्गत अध्ययन की जा रही तीन भाषाओं में शामिल नहीं किया गया है।
(2) फ्रैंच को एक अतिरिक्त विकल्प के रूप में अनुशंसित किया गया है।
(3) माध्यमिक चरण के दौरान एक अतिरिक्त विकल्प के रूप में विदेशी भाषाओं का अध्ययन।
(4) त्रिभाषा सूत्र के अन्तर्गत भाषाओं में से एक के रूप में विदेशी भाषाओं का अध्ययन।

116. निम्नलिखित में से कौन-सी युक्ति 'संदर्भ में व्याकरण शिक्षण' से संबंधित है?
संदर्भ में भाषा की सामग्री प्रस्तुत करना शिक्षार्थियों का ध्यान भाषा की सामग्री की ओर दिलाना, जीवन की वास्तविक परिस्थितियों में भाषा प्रयोग के योग्य बनाना और शिक्षार्थियों का ध्यान खोज-बीन के द्वारा उसके नियमों की ओर दिलाना।
(1) खोज-बीन विधि (2) सचेतनता जागृत करना (3) स्कीमा का सृजन (4) निगमनात्मक विधि

117. निम्नलिखित में से कौन-सा 'भाषा के बारे में जानना' से संबंधित हैं?
(1) व्याकरणपरक ज्ञान (2) युक्तिपरक दक्षता (3) घोषणात्मक ज्ञान (4) प्रक्रियात्मक ज्ञान

118. अपर्णा, कक्षा पाँच की शिक्षार्थी यह समझती है कि किसी आडियो या बातचीत का अर्थ समझने के लिए श्रवण में प्रत्येक ध्वनि, शब्दों फिर वाक्यों को सुनना शामिल है। वह श्रवण अधिगम के किस उपागम/युक्ति में विश्वास रखती है?
(1) टॉप डाउन और बॉटम-अप दोनों उपागम (2) यह न तो टॉप डाउन है और न ही बॉटम-अप उपागम है
(3) शीर्ष अधोमुखी उपागम (टॉप डाउन) (4) अधो शीर्षमुखी उपागम (बॉटम-अप)

119. बहुत से भारतीय जो नौकरी के लिए विदेश जाते हैं, वे उस स्थान की भाषा सीखते हैं। इस प्रेरणा को क्या कहा जाएगा?
(1) यांत्रिक प्रेरणा
(2) यह न तो यांत्रिक है और न ही समाकलनात्मक है
(3) समाकलनात्मक और यान्त्रिक दोनों प्रकार की प्रेरणा
(4) समाकलनात्मक प्रेरणा

120. 'सामग्री की प्रामाणिकता' किससे संबंधित है?
(1) जीवन के वास्तविक संदर्भों में विकसित या लिखित सामग्री
(2) वह सामग्री जो बच्चे घर से लेकर आते हैं
(3) अध्यापक द्वारा अपनी कक्षा के लिए लिखी गई सामग्री
(4) सत्तासीन लोगों द्वारा विकसित या लिखित सामग्री



Scanned with OKEN Scanner